Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding National Highway No. 44 (NH-44) in Karimganj Parliamentary Constituency in Assam.

श्री कृपानाथ मल्लाह (करीमगंज): अध्यक्ष महोदय, मैं असम से चुन कर आया हूं और करीमगंज मेरा संसदीय क्षेत्र है । मेरा विषय नेशनल हाईवे से संबंधित है । सर, मेरे क्षेत्र में एक नेशनल हाईवे एनएच-44 है, अभी उसका नया नाम एनएच-8 है । वह रास्ता गुवाहाटी से थ्रू करीमगंज त्रिपुरा को जाता है और करीमगंज का पोर्शन बहुत खराब है । दो साल पहले एक कंपनी को काम दिया गया था, लेकिन उसका प्रोग्रेस नहीं था, जिसके कारण उसको कैंसिल कर दिया गया और आज तक दूसरी कि सी कंपनी को काम नहीं दिया गया । वह रास्ता बहुत खराब है । त्रिपुरा का कनेक्शन उसी रोड से है । वही एक रोड है जो त्रिपुरा को कनेक्ट करती है । त्रिपुरा का सारा सामान और गाड़ियां उसी रास्ते से जाती हैं । बारिश होने पर तीन-चार दिन रास्ता बंद हो जाता है ।

महोदय, आपके माध्यम से मेरा मंत्री जी से अनुरोध है कि उस रास्ते का काम जल्द से जल्द करवाएं, नहीं तो त्रिपुरा और मेरा करीमगंज क्षेत्र दोनों की हालत खराब है ।

मैं अपने मंत्री जी को धन्यवाद दूंगा कि वह 29 जनवरी, 2017 को गुवाहाटी गए थे । वहां ब्रिज का उद्घाटन हुआ और असम से नए-नए एनएच डिक्लेयर करने के लिए प्रपोजल आए थे तो वहां पांच-छः रास्तों का डिक्लरेशन हुआ था । उसमें दो रास्ते हमारे संसदीय क्षेत्र के हैं ।

13.00 hrs

एक रास्ता बदरपुर घाट से लेकर एंगक्ता, दुल्लभ चेरा, मामीत बाज़ार, जो मिजोरम से जाता है और एक सिल्चर हेलाकांदी से रामकृष्ण नगर होते हुए केनाई बाज़ार तक एनएच-44 है । ढाई साल का समय बीत गया है, लेकिन अभी तक डीपीआर नहीं हुआ है । मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि जल्द से जल्द डीपीआर बनाकर इस काम को शुरू किया जाए । ये दोनों बहुत महत्वपूर्ण रास्ते हैं । एक रास्ता मिजोरम से कनेक्ट करता है और एक रास्ता सिल्चर से एनएच-44 को कनेक्ट करता है ।

माननीय अध्यक्ष: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल को श्री कृपानाथ मल्लाह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

माननीय सदस्यगण, हमारे सदन में सबसे कम उम्र की चुनकर आने वाली माननीय सदस्या से मैं आग्रह करूंगा कि वे शून्य काल में बोलें । मैंने उन्हें बुलाकर व्यक्तिगत आग्रह किया कि वे शून्य काल के समय सदन में अपनी बात रखें ।

कुमारी चन्द्राणी मुर्मु ।